मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चर्चा की

पाली,(नि.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना में अर्हता एक जनवरी 2026 के संदर्भ में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के संबंध में रोल पर्यवेक्षक एवं संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों, महामंत्रियों एवं अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को जिला कलक्टर सभागार में बैठक आयोजित की गई।

रोल पर्यवेक्षक डॉ. प्रतिभा सिंह ने पाली जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जारी किए जा रहे नोटिसों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा सुझाव कभी भी निर्वाचन विभाग को अवगत कराए जा सकते हैं।

उन्होंने जिले में नियुक्त बीएलए-1 एवं बीएलए-2 की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने समस्त बीएलओ के पास फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 की पर्याप्त प्रतिया उपलब्ध की जानकारी ली। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन में जागरूकता लाने तथा कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं एवं कोई अपात्र मतदाता जुड़े नहीं की थीम पर कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए।

रोल पर्यवेक्षक डॉ. प्रतिभा सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सजग एवं सचेत रहकर आमजन को सहयोग प्रदान करने की अपील की तथा कार्यक्रम से संबंधित किसी भी शिकायत अथवा सुझाव के लिए संपर्क करने को कहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एलएनमंत्री ने विधानसभावार जारी नोटिसों की सांख्यिकीय जानकारी प्रस्तुत की उन्होंने बीएलए-1 की जानकारी तथा मतदान केंद्रों के सुव्यवस्थिकरण एवं पुनर्गठन के पश्चात नवीन मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 की नियुक्ति के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग का आग्रह किया गया।

उन्होंने ने बताया कि जिले के समस्त बीएलओ को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के माध्यम से समस्त बीएलओ को पर्याप्त संख्या में फार्म 6, फार्म 7, फार्म 8 की प्रतियां उपलब्ध करवा दी गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 से संबंधित संक्षिप्त सांख्यिकीय जानकारी दी गई तथा यह भी बताया गया कि अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की भागवार सूची पाली जिले की वेबसाइट एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान जयपुर की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलए को सक्रिय रखते हुए अधिकाधिक महिला मतदाताओं को जोड़ने का आग्रह किया, जिससे जिले का लिंगानुपात संतुलित किया जा सके।

बैठक में पूर्व विधायक ज्ञानचन्द पारख द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की पारदर्शिता एवं मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई।

बैठक में बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील भण्डारी, कांग्रेस प्रवक्ता रफीक चौहान, पाली विधायक प्रतिनिधि मदनसिंह जागरवाल, यशंवत पटेल, रामकिशोर साबू, भागीरथ चान्दोरा, पूनमसिंह परमार, नारायण कुमावत, भंवरलाल सैणचा समेत उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बजरंग सिंह, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 118-पाली विमलेन्द्र राणावत, तहसीलदार निर्वाचन रेखा देवी, अति. नोडल अधिकारी चुनाव शाखा सुरेन्द्र जैन सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के संबंध में रोल पर्यवेक्षक संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में पाली जिला कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

कालंद्री पंचायत समिति बनाने की घोषणा से खुशी

रेवदर, (निसं)। उपखंड क्षेत्र में सिरोही पंचायत समिति से अलग कालंद्री पंचायत समिति बनाने की राज्य सरकार की घोषणा के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला अध्यक्ष श्रीमति डॉ रक्षा भंडारी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, सिरोही प्रधान हसमुख कुमार, मंडल अध्यक्ष हिरेंद्रपालसिंह देवडा सहित कई स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि कालंद्री को नई पंचायत समिति बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसके लिए राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने लगातार प्रयास करते हुए सरकार के समक्ष मुद्दा मजबूती से उठाया। उसी के परिणामस्वरूप पंचायत समिति की घोषणा हुई।

घोषणा के बाद ग्रामीणों द्वारा नेताओं को बधाई देने का सिलसिला जारी है।

नई कालंद्री पंचायत समिति में कुल 20 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इस अवसर पर विवेकानंद सर्कल कालंद्री में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

इस अवसर पर सिरोही जिला अध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, मंडल अध्यक्ष हिरेंद्रपालसिंह रोडा, पूर्व जिला महामंत्री दीपाराम पुरोहित, जिला मंत्री नैनसिंह राजपुरोहित, पूर्व प्रधान प्रज्ञा कुंवर देवडा, पन्नेसिंह देवडा, मंडल महामंत्री नाथु देवासी नून, हिदाराम माली, अतीक भाई रावल, गोमाराम देवासी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगासिंह राठौड, मगनलाल प्रजापत, छगनलाल पुरोहित, भूराराम प्रजापत, प्रवीण घांची, कृष्णा मेघवाल, दिलीपसिंह, राजेंद्र सिंह तंवरी, नरेंद्र सिंह, कानाराम देवासी आकुना, ओटाराम प्रजापत, चौथाराम मेघवाल, रामसिंह देवडा, पुरुषोत्तम भाई, भरत घांची, माणक भाई आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गायत्री को 5 वर्ष बाद मिर्गी रोग से मुक्ति मिली

जोधपुर में हर माह आयोजित होने वाले नि:शुल्क मिर्गी शिविर की 331 वीं कड़ी का आयोजन श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में किया।

जोधपुर, (नि.सं.)। हर माह आयोजित होने वाले नि:शुल्क मिर्गी शिविर की 331वीं कड़ी का आयोजन श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान की सचिव डॉ. पद्मजा शर्मा ने बताया कि शिविर के प्रारंभ में श्रीधर शिक्षण संस्था और समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले 20 वर्षों से शिविर में अपनी सेवा देने वाले फार्मा कंपनी के एरिया मेनेजर कमलेश व्यास के पिताजी के देवलोकगमन पर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी ।

कैंप का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार और मुख्य संपादक गुरुदत्त अवस्थी ने किया। अपने उद्बोधन में आप ने कहा कि -आज इस कैंप में आकर मुझे एहसास हुआ कि किसी आर्थिक दृष्टि से कमजोर और अपनी बीमारी की वजह से समाज की मुख्य धारा से अलग जीवन व्यतीत करने वाले मरीजों की 26 वर्षों से लगातार इलाज करवाने वाले मरीजों को एक परिवार के सदस्य की तरह इलाज किया जाता है जो मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

गुरुदत्त अवस्थी ने आगे कहा कि पिछले 26 वर्षों से लगातार लगने वाले निशुल्क शिविरों ने हजारों मिर्गी रोगियों को नई जिंदगी दी है और मिर्गी रोग के लिए फैली अंधविश्वास की धारणा को पूर्ण रूप से समाप्त करने में सफल रहे। कैंप में मैने मरीजों से बात की तो पता चला कि गांवों के स्वयं भोपे भी अपने परिवारजन का इलाज यहां करवा रहे हैं । ये इस बात का सबूत है कि अब मिर्गी रोग एक अंधविश्वास नहीं बल्कि विश्वास के साथ मेडिकल इलाज करवाकर स्वस्थ होने वाली बीमारी है । ये इन कैंपों की बड़ी सफलता है । इसके लिए मैं डा नगेंद्र शर्मा और उनकी टीम को बधाई देता हूं ।

26 वर्षीय गायत्री ने पूर्ण रूप से मिर्गी से मुक्त होकर अपने परिवारजन के साथ खुशी का इजहार करते हुए कहा कि मैंने ग्रामीण क्षेत्र में इलाज भोपा,झाड़ फूंक से करवाया जो मुझे बहुत पीड़ादायक लगता था। मैं अपना इलाज इन कैंपों में 5 वर्षों से करवाकर आज पूर्णतया स्वस्थ हो गई, इसके लिए मैं डा नगेंद्र शर्मा और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त करती हूं ।

इस अवसर पर गायत्री के माता पिता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां केवल मरीजों की सेवा सर्वोपरि है। सभी वर्गों के मरीजों को उच्चस्तरीय निशुल्क इलाज मुहैया करवाया जा रहा है । ये इन कैंपों की बड़ी विशेषता है कि 27 वर्ष से लगातार मिर्गी रोगियों की निशुल्क चिकित्सा के साथ इनके जीवन में एक नया उत्साह पैदा करना और इनके सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन से इनको मिर्गी से मुक्त ही नहीं किया जा रहा बल्कि इनके रोजगार की व्यवस्था कर इनको डिप्रेशन से बाहर लाकर समाज की मुख्यधारा में सामान्य नागरिक जीवन जीने का सम्मान देना एक बड़ा कार्य इन कैंपों में किया जा रहा है।

डॉ. नगेंद्र शर्मा ने बताया कि आज शिविर में 312मरीजों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया।

शिविर संयोजक किशन प्रजापत और महावीर शर्मा के अलावा दौलत सोनी, वंदना राठौड़ पुखराज, दीपक सिंह ,कृष्ण गर्ग, नेमीचंद शर्मा, हरीश शर्मा, ओमप्रकाश ओझा और छायाकार दिनेश पुरी ने अपनी सेवाएं दी।

कुरैशी समाज की यूथ विंग कार्यकारिणी का गठन किया

बालोतरा, (निसं)। कुरैशी समाज में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने, युवाओं को संगठित करने तथा सामाजिक सुधार के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से कुरैशी महासभा संस्थान यूथ विंग, बालोतरा का गठन 29 दिसंबर को सर्वसम्मति से किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज के वरिष्ठजन, बुद्धिजीवी वर्ग और बडी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित में कार्य करने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान यूथ विंग की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें समाज के जिम्मेदार, शिक्षित और सक्रिय युवाओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। समाज के विश्वास और समर्थन के साथ टीपू सुल्तान को अध्यक्ष चुना गया। उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए समाज के लोगों ने उम्मीद व्यक्त की कि उनके मार्गदर्शन में यूथ विंग समाज के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

इसके साथ ही मंजूर-ए-इलाही बोवडी एवं सईद अनवर गौरी को उपाध्यक्ष, मोहम्मद इमरान बोवडी को सचिव, जिशान बोवडी को सह-सचिव, नदीम जमावत को महामंत्री, अरशद जमावत को संगठन मंत्री, मोहम्मद रिजवान को कोषाध्यक्ष, मोहम्मद अली बोवडी एवं वसीम अकरम ढाणी को प्रचार मंत्री, जबकि जलाल खान को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का उपस्थित समाजबंधुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष टीपू सुल्तान ने अपने संबोधन में कहा कि कुरैशी महासभा संस्थान यूथ विंग का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ही समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। यूथ विंग आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक मार्गदर्शन, करियर काउंसलिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जुडे कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिससे समाज के युवा आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने समाज में शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्य मों में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनावश्यक खर्च से परिवारों पर आर्थिक दबाव बढता है, जबकि उसी धन का उपयोग बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के कार्यों में किया जा सकता है।

बैठक में वक्ताओं ने यह भी कहा कि यूथ विंग समाज में फैली सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएगा, आपसी भाईचारे को मजबूत करेगा और समाज के गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए सहयोग की भावना से कार्य करेगा। संगङ्गन का उद्देश्य केवल पदों तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाना रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा कुरैशी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। यूथ विंग के गठन से समाज में उत्साह का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि यह संगङ्गन भविष्य में शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बनाएगा।

ग्राम सभाएं 7 को

जालोर, (कासं)। सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोयायटी जयपुर से जारी कार्यक्रमानुसार सात जनवरी से जालोर जिले के विभिन्न ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए गए कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा।

जूडो की चयन ट्रायल 2 से

जालोर, (कासं)। जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 23 से 26 जनवरी तक कोलकाता (पश्चिमी बंगाल) में आयोजित की जा रही है।

राज्य जूनियर टीम के चयन के लिए ओपन सलेक्शन ट्रायल 2 व 3 जनवरी तक राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुर भीलवाडा में आयोजित की जाएगी। 2 जनवरी को पुरुष व 3 जनवरी को महिला वर्ग की चयन स्पर्धा होगी। जिन खिलाडियों का जन्म वर्ष 2006 से 2011 तक हुआ है। वे खेलने के पात्र होगे, जो खिलाडी 18 वर्ष से छोटे है। उनको अपने पेरेंट्स से एन ओ सी साथ लानी होगी।चयन स्पर्धा में पुरुष वर्ग में 55, 60, 66, 73, 81, 90, 100,, किलोग्राम भार वर्ग एवं महिला वर्ग में 44, 48, 52, 57, 63, 70, 78, 78 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग मे होगे।चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडी बर्थ सर्टिफिकेट जो 3 वर्ष पूर्व की बनी हो, आधार कार्ड एवं ए वी टी सर्टिफिकेट ऑरिजनल (मेडिकल ज्यूरिस्ट द्वारा जारी) के साथ वेन्यू पर प्रात 8 से 10 बजे तक अपनी एंट्री नि:शुल्क करवा सकते हैं। रहने एवं खाने की व्यवस्था खुद खिलाडी की होगी। सर्टिफिकेट व मेडल देय नहीं होगा। सलेक्शन कमेटी द्वारा प्रदर्शन के आधार पर राज्य टीम का चयन किया जाएगा। जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन सैक्रेटरी जनरल लाल सिंह सांखला ने बताया कि जालोर जिले के जूडो खिलाडी 31 दिसम्बर तक मूल रिकॉर्ड के साथ संपर्क कर सकते है।

अवैध चल रही बस के खिलाफ कार्रवाई की मांग

जालोर, (कासं)। सुमेरपुर-आहोर मार्ग पर अवैध रूप से संचालित बसों को लेकर जालोर निजी बस ऑपरेटर यूनियन ने कड़ा रुख अपनाया है। यूनियन ने जिला परिवहन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर फर्जी दस्तावेजों और जाली रजिस्ट्रेशन के आधार पर चल रही बसों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि संबंधित बस लंबे समय से फर्जी व जाली दस्तावेजों के सहारे सड़कों पर है, जिससे यात्रियों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।

शिकायत के अनुसार यह बस ग्राम भद्राजुन से सुमेरपुर तक मालगढ़, नोरवा, रुडमाल की ढाणी, वलदरा, कवराडा, चांदराई और तखतगढ़ मार्ग से होकर प्रतिदिन संचालित की जा रही है। बस मालगढ़ में रात्रि विश्राम करती है तथा सुबह 8 बजे मालगढ से रवाना होकर 8.45 बजे चांदराई पहुंचती है। वहीं दोपहर 4.30 बजे चांदराई से रवाना होकर शाम 5.30 बजे मालगढ़ पहुंचती है।

यूनियन का आरोप है कि बस मालिक की ओर से दस्तावेजों का दुरुपयोग कर एक पुराने और कंडम घोषित वाहन का अवैध संचालन किया जा रहा है। इससे पूर्व यही वाहन के रजिस्ट्रेशन पर चल रहा था, जिसकी आरसी 28 दिसंबर 2023 को जालोर परिवहन कार्यालय में निरस्त कर वाहन को कंडम घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद उसी पुराने वाहन पर नया रजिस्ट्रेशन और चैसीस नंबर लगाकर संचालन जारी है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वाहन पर आरसी दर्शाई जा रही है, जबकि वास्तविकता में वाहन की बॉडी और चैसीस पुराने मॉडल की है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पूरा वाहन जाली कागजात के सहारे चलाया जा रहा है।

यूनियन ने बताया कि 2 दिसंबर 2025 को परिवहन अधिकारी सुमेरपुर को इस संबंध में शिकायत दी गई थी। उस समय केवल चालान बनाकर वाहन को बिना टाटा कंपनी या विभागीय तकनीकी सत्यापन के छोड दिया गया, जिससे विभागीय मिलीभगत के आरोप भी लग रहे हैं। बस का परमिट सुमेरपुर से आहोर (55.4 किमी) का है, जिसका निर्धारित रूट पुरदा, चारुण्डा, केराल, नौवीं, पलासिया, बालोतान, हरियाली, बेदाना, गुडा, अगवरी, चरली होते हुए आहोर तक है। इसके बावजूद बस सुमेरपुर से जालोर तक नेशनल रूट-खिवाडी, बाकली, बिटिया, तखतगढ़, उम्मेदपुर, चरली, आहोर, भेसवाड़ा, गोदन, संकरना, लेटा जालोर और आगे बागरा भीनमाल तक रोजाना अवैध रूप से संचालित की जा रही है। 19 नवंबर 2025 को भी परिवहन विभाग को शिकायत दी गई थी।

मैला मैदान में गंदगी से परेशानी

गुड़ामालानी, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन अभियान को लेकर जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारी भी हाथों में झाडू लेकर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं । दूसरी तरफ गुडामालानी में नगरपालिका कार्यालय के पीछे महज पच्चास कदम दुर स्वच्छता अभियान मिशन पुरे तरीके से साफ दिखता नजर आ रहा है। एक तरह सरकार पोलिथिन बंद करने आव्हान कर रही है। दुसरी तरफ खुलेआम पोलिथिन ही पोलिथिन बिखडा पडा है। सारे दिन बैसहारा पशुओं का जमावडा लग रहता है ।

पूर्व में ने मुख्य सडक मार्ग पर हर दिन ट्राफिक व्यवस्था बिगडती देखते हुए उन्होंने मैला मैदान में प्राईविट बसों का बस स्टैंड बना दिया। खाली पडी जगह को देखते हुए सब्जी मंडी के व्यापारीयों सहित अन्य लोग पोलिथिन के साथ सडी गली सब्जियो ओर कचरे को वहां फेक देते हैं । पशुओं का जमावडा होने के साथ आतंक मचा रहता है। सारे दिन यात्रियों को सावधानी के साथ खडा रहना पड रहा है।

ओ.बी.सी. वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर संवाद किया, संगठनों ने ज्ञापन दिए

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश (से.नि.) मदनलाल भाटी मंगलवार को पाली जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं प्रतिभागियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद एवं चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों ने अध्यक्ष भाटी को ज्ञापन भी प्रदान किए।

अन्य पिछड़ा आयोग अध्यक्ष मदनलाल भाटी ने कहा कि इस जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य आयोग की ओर से आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर ओबीसी वर्ग से जुड़े क्षेत्रवार मुद्दों, विकास संबंधी आवश्यकताओं, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों एवं कल्याण से जुड़ी समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों को संकलित करना है, ताकि इनके आधार पर पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर एक समठा एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की जा सके।

आयोग अध्यक्ष ने कहा कि आयोग को सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालन में राज्य के ठामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में सभी स्तरों पर अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति, उसकी तीव्रता एवं उसके प्रभावों का समसामयिक एवं अनुभवजन्य अध्ययन करना है। इस अध्ययन के आधार पर आयोग को पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में ओबीसी आरक्षण के संबंध में समयबद्ध अनुशंसाएं राज्य सरकार को प्रस्तुत करनी हैं। भाटी ने कहा कि आयोग का उद्देश्य राजस्थान में सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना है। संविधान में समानता का मूलभूत अधिकार है उसकी पूर्ण पालना करवाने के लिए आयोग प्रतिबद्ध है। ओबीसी वर्ग की जिन जातियों का प्रतिनिधित्व कम है उनके संबंध में प्राप्त सुझावों पर आयोग विश्लेषण कर विधिसम्मत रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा।

उन्होंने कहा कि आयोग का प्रमुख उद्देश्य राजस्थान में सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना है। इसके लिए पंचायतीराज एवं शहरी निकायों में ओबीसी वर्ग को आरक्षण प्रदान करने हेतु वैज्ञानिक, तथ्यपरक एवं व्यावहारिक फार्मूला तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर प्रदेश में आरक्षण लागू किया जाएगा। उन्होंने आयोग के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयोग अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। आयोग द्वारा प्रदेश में राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान कर उनकी समस्याओं, चुनौतियों एवं आवश्यकताओं का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि उनके समाधान के लिए ठोस अनुशंसाएं की जा सकें। आयोग ओबीसी वर्ग की प्रगति का सतत मूल्यांकन भी करेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास तथा कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। समाज के पिछड़े वर्गों का संरक्षण एवं सशक्तिकरण शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। खुली परिचर्चा एवं संवाद के दौरान विभिन्न प्रतिभागियों, सामाजिक संस्थाओं, गणमान्य नागरिकों सहित विभिन्न जन प्रतिनिधियों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने आयोग अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार रखे व ज्ञापन प्रस्तुत किए।

पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अतिरिक्त जिला कलक्टर बजरंग सिंह, ओबीसी आयोग पीआरओ विक्रम राठौड़, नगर परिषद आयुक्त नवीन भारद्वाज, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, सीरवी महासभा के महासचिव भंवर चौधरी, पूर्व उपसभापति मूल सिंह भाटी एवं ललित प्रीतमानी, सुनील भंडारी एवं त्रिलोक चौधरी, पूर्व प्रधान श्रवण कुमार बंजारा, प्रमेंद्र सिंह, हेमंत चौधरी, रफीक चौहान, ओमप्रकाश कच्छवाह, ऐडवोकेट ओम प्रकाश कच्छवाह, सोमनाथ मंडल की नीतू ललित प्रितमानी, राम किशोर साबू, पुखराज पटेल, नारायण कुमावत, शिवप्रकाश पजापत, गोविंद बंजारा भवर राव, राहुल मेवाड़ा, दिलीप चौधरी, पुखराज बंजारा, झालाराम देवासी, राजेंद्र पटेल, देवाराम पटेल महिपाल सिंह चारण चंनदसिह मेवाडा, सुरेश सिसोदिया, गुमान सिंह रावत, भंवर राव, मेवाड़ा समाज से अम्बालाल सोलंकी, अब्दुल रज्जाक सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व लोग उपस्थित थे।

राजस्थान अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के अध्यक्ष मदनलाल भाटी ने पाली जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्यक्ष संवाद एवं चर्चा की। फोटो-राष्ट्रदूत

क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में रोगियों की सेवा

जालोर, (नि.सं.)। आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में पीएम श्री राजेन्द्र सूरि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागरा में दस दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद अन्तरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में छठे दिन मंगलवार को आमजन अपना उपचार करवाने के लिए पहुंच रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर प्रभारी मंत्री डॉ. रामेश्वर गौतम ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राकेश शर्मा व डॉ. सुभाष शर्मा द्वारा बहिरंग रोग विभाग में अभी तक कुल 2510 रोगियों का उपचार किया जा चुका हैं।

अन्तरंग रोगी विभाग में अर्श, भगन्दर, परिकर्तिका इत्यादि रोगों का उपचार किया जा रहा है। शिविर में डॉ. संगीता ने स्त्री रोगों के बारे में महिलाओं को जागरूक किया एवं उनको समुचित इलाज प्रदान किया। डॉ. मैना ने 45 छोटे बच्चों को स्वर्णप्राशन करवाया गया।

पंचकर्म रोग विभाग में 110 रोगियों का पंचकर्म चिकित्सा द्वारा उपचार किया गया। डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई द्वारा 11 कॉर्न के रोगियों का अग्निकर्म चिकित्सा विधि द्वारा उपचार किया गया। शिविर स्थल पर प्रात: 7 से 8 बजे तक योग प्रशिक्षक दिनेश सिंह राजपुरोहित व भेराराम सुथार द्वारा आमजन व मरीजों को योगाभ्यास करवाया गया।

शल्य चिकित्सा शिविर में डॉ. राजेश राय, डॉ. विजयदान, कम्पाउण्डर वासुदेव, अविनाश दवे, मनीषा चौहान, पदमा गुर्जर एवं परिचारक नर बहादुर व जानूराम द्वारा सेवाएँ प्रदान की गई।

आवासीय किशोरी जीवन कौशल प्रशिक्षण संपन्न

फलोदी, (निसं)। एपीपीआई के सहयोग से दूसरा दशक द्वारा आयोजित पांच दिवसीय किशोरी आवासीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का समापन सोमवार को फलोदी में हुआ। इस प्रशिक्षण में 13 गांव की 51 किशोरियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में अभिव्यक्ति, नेतृत्व, जेण्डर, नशा, अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव, स्वच्छता, स्वास्थ्य, गुडटच-बेडटच, संगठन आदि मुद्दों पर कार्य किया गया।

प्रशिक्षण प्रभारी कंचन थानवी ने बताया की इस प्रशिक्षण की थीम तू खुद को बदल... बहुत प्रभावी रही। किशोरियों को इस बात का अहसास हुआ कि हम स्वयं में बदलाव करके ही समाज में बदलाव कर सकते हैं। किशोरियों ने जातिगत भेदभाव, संगठन, जेण्डर, नशा, अंधविश्वास आदि मुद्दों पर रोलप्ले के माध्यम से समाज की स्थिति को बताया गया। साथ ही इस स्थिति में बदलाव कैसे हो इस पर भी चर्चा की गई। किशोरियों के साथ किशोरावस्था में होने वाले बदलाव, माहवारी एवं प्रजनन स्वास्थ्य के मुद्दे पर टीएलएम के माध्यम से समझ बनाई गई। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए वृद्धावस्था, विधवा व विकलांग पेंशन पर समझ बनाई गई। उन्हें यह भी बताया गया कि एप्प के माध्यम से सत्यापन का कार्य कर सकते हैं। किशोरियों ने अपने आस-पास के घरों का सर्वे कर पेंशन योजना की वास्तविक स्थिति का पता लगाने एवं वंचितों को सहयोग करने का जिम्मा लिया। किशोरियों को पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित करवाने एवं उनके मन से पुलिस के भय को दूर करने के उद्देश्य से पुलिस थाना, फलोदी की विजिट करवाई गई। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर दिलीप पुरोहित ने किशोरियों को थाने की विजिट करवाते हुए पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में बताया। इस दौरान किशोरियों ने विभिन्न प्रश्न भी पूछकर अपनी जानकारी को बढ़ाया। दूसरा दशक के वरिष्ठ सहभागी पठान, मंजू, हबीब, तारा, किशोर, मुस्कान, इकबाल, अणदाराम आदि ने अपने अनुभव सुनाए एवं फड के माध्यम से गांव स्तर पर युवा मंचो द्वारा किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। किशोरियों ने गांववार समूह में चर्चा करते हुए अपने गांव की विशेषताओं एवं समस्याओं को पहचाना। प्रत्येक किशोरी ने आगामी 5 सालों में किए जाने वाले प्रमुख कार्यों को चिह्नित कर उन पर कार्य करने का संकल्प लिया।

परियोजना निदेशक मुरारी लाल थानवी व समन्वयक प्रीति राठौड ने किशोरियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका हौसला बढाया। प्रशिक्षण में अमरू चौधरी, नीलम रानी, ममता लौहार, कुसुमलता व कमल शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

बॉस्केटबॉल 2 से

बाड़मेर, (कासं)। 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता 19 वर्ष छात्र/छात्रा वर्ग का आयोजन 2 से 6 जनवरी तक बाडमेर में किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजन को लेकर पूरी तैयारी की गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवाराम चौधरी ने मंगलवार को पत्रकारों को जानकारी दी।